दीनबंधु छोटूराम के जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएँ की

चर्चा में क्यों?

25 जनवरी, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य के कुरुक्षेत्र ज़िले की जाट धर्मशाला में आयोजित किसानों के मसीहा दीनबंधु सर छोटूराम के जयंती समारोह में कई घोषणाएँ की।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गन्ने के रेट में 10 रुपए इज़ाफा करते हुए 372 रुपए करने की घोषणा की। उन्होंने पटवारियों के वेतन को 25 हज़ार रुपए से बढ़ाकर 32100 रुपए करने का भी ऐलान किया।
- उन्होंने बताया कि पाले की वजह से सरसों की फसल का काफी नुकसान हुआ है, ऐसे में फसल की गिरदावरी करवाई जाएगी और किसानों को मुआवज़ा दिया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने जाट धर्मशाला के लिये 51 लाख रुपए देने की भी बड़ी घोषणा की। जाट धर्मशाला द्वारा बनाए जाने वाले छात्रावास के लिये ज़मीन की व्यवस्था कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड या हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से की जाएगी।
- उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार संत-महापुरुष प्रचार प्रसार योजना चला रही है, जिसके अंतर्गत संत-महापुरुषों की जयंतियाँ सरकारी तौर पर मनाई जाती है।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश की डेढ़ लाख एकड़ भूमि में जल भराव की समस्या वाली भूमि को ठीक करने के लिये 1100 करोड़ रुपए का बजट अगले वर्ष तक खर्च किया जाएगा। इस भूमि को कृषि योग्य बनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि दीनबंधु छोटूराम ने अपने आदर्शों पर काम करते हुए अंग्रेजो से टक्कर ली और गरीब व किसान के लिये कानून बनवाए। उन्होंने ही बाज़ारों, दुकानों व फैक्ट्री में सप्ताह में एक दिन की छुट्टी को लागू करवाया। दीनबंधु छोटूराम ने ही करज में दबे किसानों को चंगुल से बाहर भी निकाला था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-chief-minister-made-several-announcements-at-the-birth-anniversary-celebrations-of-deenbandhu-chhoturam